चेयरमैन साहब, अब मैं अपने हल्के के बारे मे कुछेक बाते कहना चाहूंगा। मेरे हल्के, की कुछेक समस्याए हे, वह मैं सरकार के सामने रखना चाहता हूं। हमारा हल्का राई फलडिड एरिया है। हालांकि सरकार की पालिसी है कि हर गांव मे सड़कें दी जायेंगी लेकिन मेरे हल्के मे कुछेक गांव अभी तक भी ऐसे है जहां पर सड़कें नही पहुंची है। कारण क्या है कि वहां पर एक हाई स्कूल है, वहां जाने के लिये बच्चों को काफी दिक्कत होती है। हालांकि वह स्कूल केवल एक किलोमीटर पर ही है लेकिन पुल न होने के कारण बच्चों को चक्कर काट कर वहां कम से कम 8 किलोमीटर की दूरी तय करके जाना पड़ता है। इसलिये में सरकार से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि ऐसे गांवों मे जल्द से जल्द पुल और सड़कें बनायी ताकि लोगों को और खासकर बच्चों को स्कूल तक जाने के लिये कोई परे ाानी न हो।

इसके साथ साथ मैं यह भी बताऊंगा कि यमुना की बाढ़ से भी हमारे इलाके मे नुकसान होता है। दिल्ली से लेकर मूरथल गांव तक एक कच्चा बांध बना हुआ है। बरसात के पानी से उसमे ि ागार हो जाते है। जिसके कारण बहुत से गांव तथा फसलें बर्बाद हो जाती है। इसलिये मैं सरकार से कहूंगा कि जिस तरह से दिल्ली वालों ने स्कीम बनाकर हरियाणा के बार्डर तक यमुना के बांध को पक्का किया हुआ है, उसी तरह से आपको भी यह चाहिये कि इस बांध को दिल्ली के बार्डर से लेकर मूरथल तक पक्का किया जाये। उसके साथ एक सड़क भी बनाई जाये।

जैसा कि दिल्ली की तरफ अब बांध के टूटने का कोइ खतरा नही रहा, उसी तरह से इस और भी ऐसा कोई इंतजाम किया जाये ताकि किसानों को परे ाानी न हो और एक प्रकार से राहत भी मिले और वे आगे से लाखों रूपये के नुकसान से बचे।

इससे आगे मैं यह कहूंगा कि ड्रेन नम्बर 8 जो है, उससे भी लोगों को काफी नुक्सान होता है। जब बरसात का मौसम आता है उसमे पानी काबहाब काफी हो जाता है और बाढ़ भी आ जाती है जिससे गांवों के अंदर तक पानी भर जाता है और फसलों को काफी नुकसान होता है। इसलिये मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि ड्रेन नम्बर 8 को यमुना तक पुखता किया जाये।

अगली बात मेरी अपने हल्के के स्कूलों से संबंधित है। हमारे वहां पर बहुत ऐसे गांव है जिन्होंने अपने खून पसीने की कमाई से स्कूलों की बिल्डिंगें तैयार की हुई है। जैसे जाखोली गांव है, वहां पर लड़कियां के स्कूल के लिये एक बिल्डिंग बनी हुई है। इसी तरह से नांगल गांव है, उसमे भी स्कूल की बिल्डिंग तैसार है। इसी तरह से राई मे, बहोली गांव मे और कमासपुर मे भी बिल्डिंग तैयार पड़ी हुई है।

मैं सरकार से यही निवेदन करूंगा कि उन गांवों मे कम से कम बच्चों के पढ़ने के लिये स्कूल को अपग्रेड किया जाये ताकि उनको अपनी मेहनत का फल मिल सके। अगली बात यह है कि मेरे हल्के राई मे फरीदाबाद की तरह से इंडस्ट्रीज बगैरह बनी

हुई है। वहां पर जो किसानों की उपजाउ जमीन थी उसको लेकर वहां पर बहुत फैक्ट्रीज लगा दी हैं वहां का जो किसान है या देहात मे रहने वाला कोई भी आदमी है जिनका गुजारा खेती पर ही निर्भर करता है, वे बाहर के आदमियों को नौकरी पर न रखे और हमारे गांवों के आदमियों को ही रखे। आजकल यह हो रहा है कि वे उन इडस्ट्रीज मे बाहर के प्रदे ाों के वर्कर और कारीगरों को रखा जा रहा है और हमारे हल्के के एक आदमी को भी भरती नही किया जा रहा है। मेरे हल्के राई मे एक प्रोब्लम और है। मेरा हल्का दिल्ली के नजदीक पड़ता है। वहां से हजारों आदमी सर्विस करने वाले रोज दिल्ली जाते है और बहुत से आदमी सब्जी बेचने के लिये दिल्ली जाते है। इनको दिल्ली जाने के लिये बहुत से आदमी होती है क्योंकि लम्बे रूट की बसें वहां पर नही रूकती है। दिल्ली को जाने वाली बसें हमारी देहातों मे होकर बहुत कम चलती है। मैं सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि जो हमारे बड़े बड़े गांव है जैसे मूरथल, राधना बगैरह कम से कम दिल्ली जाने वाली बसें इध्यान से जानी चाहिए ताकि सर्विस करने वाले और सब्जी ले जाने वाले लोगो को सहूलियत हो सके। धन्यवाद।

श्री हरि चंद हुड्डा (किलोई): चेयरमैन साहब, आप का बहुत बहुत भाुक्रिया कि आपने मुझे बोलने के लिये टाईम दिया। यह जो एप्रोप्रिए ान बिल आया है जब मैं इसके टोटल को देखता हूं तो वह 819199316 बनता है। दूसरी तरफ एग्रीकल्चर,

विलेज एंड स्माल स्केल इंडस्ट्रीज और माईनर इरीगे ान के लिये रा‍ि ा को देखा जाये तो वह इसके 9 प्रति ात के करीब बनती है। मैं इस बात को मानता हूं कि गवर्नर एड्रैस को भी और इस एप्रोप्रिए ान बिल को भी आम जनता समझ नही पाई, लेकिन आम जनता को इसकी मार जरूर पड़ी है। जिससे वह तिलमिला उठी है। आम जनता इस चीज को समझे कि यह एक कागज है जिससे तुम्हारी किस्मत का सत्याना ा किया जाता है। उधन जो हमारे भाई बैठे है चीफ मिनिस्टर चौधरी भजन लाल, फाईनैंस मिनिस्टर चौधरी कटार सिंह जी तो मेरे बहुत ही पुराने दोस्त है। मैं इनको बिल्कुल दोशी नही ठहराता। असली दोश तो डिफैक्टिव ला का है। मैं आप का ध्यान कांस्टीच्यू ान की धारा 372 की तरफ दिलाना चाहता हूं which hsa perpetuated the imprial legal inheritage and our codes and laws of the colonial ventage haunt it like voice from the grave. असली जो बात है वह यह है कि हम इनको दोशी इसलिये नही ठहराते क्योंकि हमारी व्यवस्था और ला इस किस्म के बना दिये जैसे अंग्रेज हिन्दुस्तान पर राज कर गये और कालोनी राज बना गये थे। मुझे अफसोस है कि हमारा जो कांस्टीच्यूए ान है इसकी कुछ धाराएं इंगलैंड से ली गई है। इन दोनो के बीच मे एक ऐसी लाईन आई कि न घोड़ी रही न गधी रही । इस डिफैक्ट की वजह से हम दुखी हो रहे है।
* * * ** * * * * * * ** * * * * * * यह जो बजट आया है इस बारे मे मैं एक ही बात कहना चाहता हूं...........

उद्योग मंत्री (श्री लछमन सिंह): चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। इन्होंने अभी जो बात कही है यह कार्यवाही से एक्सपंज होनी चाहिए।

श्री सभापतिः ये भाब्द एक्सपंज कर दिये जाये।

श्री हरि चंद हुड्डाः चेयरमैन साहब, मैं कहना चाहता था कि–

पंछी समझते है कि चमन बदला, हंसते है सितारे कि गगन बदला,

भाम ाान की खामो ाी मगर कहती है कि है ला ा वही सिर्फ कफन बदला।

तो यह तो इनका बजट था। जहां तक मांगो की बात है मांगों को ये तो समझते नही, मैं समझता हूं। यह मांग वह मांग नही , इस मांग मे लोकतंत्र की खु ाबू नही, यह मांग तो वह मांग है जिसमे नोट तंत्र की बू आती है। (ाोर) अब हमारे सामने यह चीज आ गई है। आज 56 प्रति ात लोग गरीबी की रेखा से नीचे रह गये है। and it is because of the polioies of you and your leaders. जिसको आप लीडर मानते हो, महात्मा कहते हो for them I can say on the floor of the House that they are all responsible for the pverty in the country.

चेयरमैन साहब, कृशि के लिये सिर्फ 6–7 करोड़ रूपया दिया गया है जबकि डिमांडज मे 82 करोड़ रूपया से ज्यादा पैसा

है। चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि बजट हुआ, डिमांडज हुई और गवर्नर साहब का एड्रैस हुआ ये कागजात हल के साथ नही जुड़ सकते और न ही इनसे किसान अपने खेत मे कोई खूड निकाल सकते है। हल मे तो बैल और किसान जुड़ेंगे । इस बजट के कागजों से किसान का हल चलने वाल नही है, किसान का तो बेल ही चला सकता है। इस मुल्क के मसले किसानों ने हल चला कर ठीक करने है। बैल और किसान दोनों मजबूत होंगे तो प्रोडक ान लाजमी तौर पर होगी। लेकिन ये जो बजट और डिमांडज के कागजात हमारे सामने आए है इनसे हमारे हरियाणा की जनता मर रही है। इन कागजों द्वारा जनताको जो तकलीफ दी गई है, उस तकलीफ को तो जनता महसूस कर गई लेकिन यह ड्रामा जनता नही समझती है। चेयरमैन साहब, हमारा दे ा 1300 साल गुलाम रहने के बाद आजाद हुआ। जब हमारा दे ा 35 साल पहले आजाद हुआ तो उस समय से यह भुखमरी का ि ाकार है। अगर यही हालात दे ा मे रहे तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि चाहे चार हजार साल तक यह दे ा आजाद रहे तो फिर भी इसदे ा की भूखमरी खत्म नही हो सकती। चेयरमैन साहब, यह सरकार हमारे दे ा को भुखमरी की जिम्मेदार है। हमारे दे ा मे 56 फीसदी लोग गरीबाी की लाइन से नीये है। हमारे दे ा मे करीब लोग बहुत परे ाान है और उस परे ाानी का नतीजा यह हुआ है कि आसाम मे रिवेरिलयन है। वहां पर लगभग 5–6 हजार मारे गयें चेयरमेन साहब, 1965 के पाकिस्तान के आप्रे ान मे कुछ साढ़े चार हजार नौजवान मारे गये

थे लेकिन आसाम मे 5–6 हजार आदमी मर चुके है। इसी तरह से पंजाब मे रिबेलियन है और क मीर मे ला को खुल्मखुला अफेड कर रहे है, वहां पर भी रिबेलियन है। साउथ मे पीसफुल रैवोल्यू ान आया हैं मेरे कहने का मतलब है कि हमारे दे ा मे दे ा के अंदर रिववेलियन और रैवोल्यू ान घुस चुके है। गुरबत की वजह से हमारे दे ा मे रिबेलियन और रैवौल्यू ान आ चुके है। What is this is happening in diffenrent parts fo the country? That is a ravage from you and your Government. चेयरमैन साहब, 35 साल तक इस दे ा के बडे बड़े लोग अपने अपने कर्म करके चले गये लेकिन वे इस दे ा की भुखमरी को समाप्त नही कर सके। चेयरमैन साहब, मै यही कहूंगा कि वह सोना किस काम का जो कानों को काटे, वह लीडर किस काम का जो कौमों को बांट दे, वह दुकानदार किस काम का जो सौदा घाट दे, वह सरकार का कानून क्या जो इंसाफ को काट दे। चेयरमैन साहब, मै यह कहना चाहता हूं कि आपके ये बजट कागज डिमांडज और एप्रोप्रिए ान बिल जो आए है ये ला तो है लेकिन इंसाफ नही दे रहे है। इसलिये यह एक बहुत ही झूठा ड्रामा है। चेयरमैन साहब, मैंने देहात के गरीब किसानों को देखा है, छोटे दुकानदारों को देखा है और मजदूरों को देखा है, वे सब भूखमरी के ि ाकार है। हमारे दे ा मे पूंजीपति दो किस्म के है जो इस दे ा के सारे माल को हड़प रहे है। एक तो वे है जिनके ऊपर सरकार की तरफ से कोई लगाम नही है, वे सारे दे ा का धन हथिया रहे है और गरीब लोगों का खून चूस रहे है। * * *



। इन भाब्दों के साथ मैं इस एप्रोप्रिए ान बिल का विरोध करता हूं। और आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी ई वर सिंह (पुंडरी): चेयरमैन साहब, एप्रिप्रिए ान बिल नम्बर एक पर हाउस मे चर्चा चल रही है। मैं इस बिल का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। चेयरमैन साहब, यह एप्रोप्रिए ान बिल सप्लीमैंटरी डिमांडज के बाद रखा गया है। सप्लीमेंटरी डिमांडज मे 81 करोड़ 92 लाख रूपये मांगे गये है। चेयरमैन साहब, यह इस किस्म का खर्चा है जो पहले एनविसिज नही हो सका। जैसे सरकार ने अपने प्रांत मे डिवैल्पमैंट के कार्य किये या सैंटर की तरफ से कोई ऐसी स्कीम आई जो कमजोर वर्ग के लोगों के लिये थी, उस पर खर्च किया गया पैसा है या सरकारी कर्मचारियो को जो ए0डी0ए0 की इनस्टालमैंट दी गई थी, और उसी हिसाब से कुरूक्षेत्र और एम0डी0 युनिवर्सिटीज के कर्मचारियों को ए0डी0ए0 की इनस्टालमैंट दी गई थी या उस मेले मे कुछ खर्चा हुआ था उसके

बारे मे भी सप्लीमैंटरी डिमांडज मे पैसा मांगा गया है। चेयरमैन साहब, मेरे अपोजी ान के भाईयों इस बिल पर बोलते हुए कुरूक्षेत्र मे मेले की बहुत आलोचना की । डाक्टर मंगल सैन ने कहा कि इन्टरने ानल ट्रेड फेयर पर बहुत भारी खच्र कर दिया गया । मैं आपके द्वारा डाक्टर साहब को बताना चाहता हूं कि उस मेले मे जो स्टाल लगाई गई थी, वह सारे मेले मे फर्स्ट आई थी जिससे हमारे हरियाणा का नाम ऊंचा हुआ है। इसी प्रकार डाक्टर साहब ने एि ायाड के बारे मे कुछ बातें कहीं एि ायाड के बारे मे डाक्टर साहब को बताना चाहता हूं कि एि ायाड मे हमारे हरियाणा के खिलाड़ियों ने कम्पीटी ान मे हिसा लेकर बहुत सराहनीय खेल दिखाए। आज गवर्नर साहब ने यहां लगीाग 232 खिलाड़ियों को ईनाम बांटे जायेंगे, जिन्होंने एि ायाड मे और दूसरे खेलों मे हमारे हरियाणा का नाम ऊंचा किया है। चेयरमैन साहब, इसी तरह से ए0सी0 चौधरी साहब ने म्यूनिसिपल कमेटीज के बारे मे बताया था कि जो कमजोर म्यूनिसिपल कमेटीज थी उनको ग्रांट दे कर सफाई का अभियान चलाया है उसके लिये भी सप्लीमैंअरी डिमांड के जरिये पैसा रेडज के खर्चे के बारे मे भी कुछ बातें कही थी। मैं इनको बताना चाहता हूं कि एक्साइज एंड टैक्से ान तो सयरकार की आमदनी का मेजर हिस्सा है। यदि उनके रेडज के लिये कुछ रूपया खर्च हो गया तो उससे डबल आमदनी होगी। पिदले साल एक्साइज एंड टैक्से ासन से 160 करोड़ रूपये की आमदनी सरकार को हुई है, वह सारापैसाा हमारे प्रदे ा के डिवैल्पमैंट के कार्यो पर खर्च किया गया

है। एक्साइज एंड टैक्से ान से सरकार को जितनी आमदनी होती है वह सार पैसा प्रदे ा के डिवैल्पमैंट के कार्यों पर खर्च होता है। चेयरमैन साहब, फिलीस्तीनी रिफयूतजीज के बारे मे भल कहा गया । मैं इस बारे मे यह कहना चाहताहूं कि वाकई फिलीस्तीनी रिफयूजीज कती स्थिति बहुत खराब है। जो उनको एक लाख रूपया दिया गया है, इससे कुछ नही होता यह तो उनके प्रति टोकन हमदर्दी है। जब चर्चिल साहब को यह कहा गया कि हिन्दुस्तान को आजादी दे दी जाये तो उन्होंने उस समय यह कहा "I have not become the Prime Minister of England to liquidate the British Empire." चेयरमैन साहब, लगभग 25–30 लाख आदमी फिलिस्तान से निकाले हुए है और वे लेबनान मे अपना डेरा डाले हुए है, उनके साथ बड़ा जुल्म हुआ है। अभी पिछले दिनों जब दिल्ली मे नान अलायन कंट्रीज की कांफ्रैंस हुई, उसमे 101 दे ाो ने भाग लिया था। उस कांफ्रैंस मे युनानीमसली हमदर्दी का यह रैजाल्यू ान पास किया गया कि उएनको वहा पर बसाया जाये। उस कांफ्रैंस मे युनासनीमसली यह आवाज उठाई गई कि चूंकि उन लोगों को उनके घरों से उजाड़ दिया गया है। इसलिये उनको बसाया जाये। चेयरमैन साहब, लेवनान मे जितनी आबादी है उतनी ही आबादी फिलिस्तीनियों की है। ये लोग कुछ सीरिया मे भी है। मैं पिछले दिनों बैरूत गया, मैंने वहां पर उनकी हालत देखी थी। उनका बहुत बुरा हाल है। चेयरमैन साहब, जितनी भी मिडल ईस्ट कंट्रीज है हमें उनको सिम्पथी देनी चाहिए हम उनसे क्रूड आयल और पैट्रोल लेते है। यदि हम फिलिस्तीनी लोगों को हमदर्दी के

लिये एक लाख रूपयादेने तो जितनी भी मिउल ईसट कंट्रीज है, उनको भी हमारे साथ हमदर्दी होगी। उन कंट्रीज से हमें बड़ी भारी मात्रा मे तेल लेना पड़ता है जो एक लाख रूपया टोकन हैल्प के रूप मे दिया गया है। यह बहुत थोड़ा पेसा है और बहुत जायज मांग है। अभी हमारे दूसरे भाइयों ने भी इसके बारे मे काफी कुछ कहा है। इस बिल के जरिये जो पैसे मांगे जा रहे है, अगर गौर से देखे तो ज्यादातर पैसा कर्मचारियों को पांच ए0डी0ए0 की किस्तें देने पर खर्च हुआ हैं बाकी पैसा वाटर सप्लाई स्कीम के लिये म्यूनिसिप्ल कमेटियों द्वारा सफाई अभियान के लिये, तथा लोगो को दूसरी सुविधा प्रदान करने के लिये खर्च हुआ हैं हरिजनों के लिये ने ानल परमिट लेने के लिये 50 लाख रूपये रखे गये है। इसी प्रकार हरिजन टूरिस्टों के लिये भी 25 लाख रूपये रखे गये है ताकि वे भी घूम फिर सके। इसी प्रकार से हरिजनों को जमीन देने के लिये 40 लाख रूपये रखे गये है ताकि वे भी पैट्रोल पम्प आदि लगा सके। इसी प्रकार से हरिजनों को डेरी के लिये, सुअर पालने के लिये तथा मकान आदि बनाने के लिये पैसा सरकार दे रही है। जो हमारे बच्चे डैस्टीच्यूट हो गये है, उनके लिये भी सरकार पूरा पूरा ध्यान रखरही है। हमारी सरकार ओल्ड एज पै ान भी देने जा रही है तथासाथ ही साथ मे जो औरतें विडो हो गई है, उनकी तरफॅ भी ध्यान दे रही है। सरकार इंटैग्रेटिड चाइल्ड डिवैल्पमैंट स्कीम की तरफ भी पूरा पूरा ध्यान दे रही है और इसके लियें इस एप्रोप्रिए ान बिल मे पैसा रखा गया है। सरकार बूढ़ों ओरमजोर लोगो के लिये रिवाड़ी

के अंदर एक होम बना रही है। चेयरमैन साहब, जो रूपया सरकार मांग रही है, वह सारे का सारा जायज है और यह ठीक जगह पर ही खर्च होगा। जिन किसानों की फसल ओलावृश्टि से खराब हो गई थी, उनको भी सरकार ने सहायता दी है। सरकार किसानों को खाद की भी सुविधा दे रही है। महेन्द्रगढ़, भिवानी, हिसार और रोहतक जिलों मे फसलो को कीड़ो आदि से बचाने के लिये दवाई भी प्रदान की है। यह डिमांड जो सरकारने रखी है, बिल्कुल जायज है ओरमैं इसका समर्थन करता हूं। जहां तक एप्रोप्रि ान बिल नं0 2 का सवाल है, यह बजट से संबंध रखता है । इसके बारे मे मैं कहना चाहूंगा कि आज हरियाणा के अंदर चहूमुखी विकास हो रहा है। आज सरकार डिवैल्पमैंट के काम अधिक कर रही है। एग्रीकल्चर की तरफ भी सरकार का पूरा पूरा ध्यान हैं सरकार एग्रीकल्चरिस्टस को रा मैटिरियल भी ठीक ढंग से सप्लाई कर रही है। सरकार किसानों को सिंचाई की अधिक से अधिक सुविधा देने के लिये भी खूब कार्य कर रही है। इसी प्रकार बिजली की मात्रा को भी बढ़ाने की तरफ सरकार का ध्यान हैं सरकार नई सड़के भी बना रही है। कुछ गरीब लोगों द्वारा इण्डस्ट्रीज लगाने के लिये लोन देने का प्रोवीजन भी रखा गया हैं इस बिल मे जो पैसा मांगा गया है वह ठीक है और यह हरियाणा के सही विकास कार्यो पर ही खर्च होगा। आज हरियाणा मे चारों तरफ विकास हो रहा है। फिर भी मैं सरकार को कुछ सजै ांज दूंगा, जिन पर गहराई से विचार करना जरूरी है।

जहां तक एजूके ान का सवाल है उसके बारे मे मै। कहना चाहता हूं कि Education gives practical side of life. जो भी कुछ काम हमे उसे क्रियात्मक रूप देना चाहिए। खाली ि ाक्षा देने से कुछ बात नही बनती। आज हमारी ि ाख की पद्धति ठीक नही है। जिस कारण तो उससे काफी बोरोजगारी दूर हो सकती है। बच्चों ाक मौरल एजूके ान मिलनी चाहिए। जहां तक मौरल एजुके ान देने की बात है यह घर मे और दे ा मे जो कुछ हो रहा है। या प्रांत मे जो कुछ हो रहा है उस पर भी निर्भर करता है। बच्चों को जैसी ि ाक्षा दी जाती है, वैसा ही प्रभाव उन पर पड़ता है। सरकार का स्कूलों मे धार्मिक एजूके ान भी बच्चों को बराबर दी जाती है। इस संबंध में सरकार को मेरा सुझाव है कि बच्चों को धार्मिक ि ाक्षा भी बराबर दी जानी चाहिए। बच्चों को धार्मिक ि ाक्षा भी बराबर दी जानी चाहिए। बच्चों को स्कूलो के अंदर फिजिकल ि ाक्षा तो दी जाती है लेकिन योगा की तरफ ध्यान देने के लिये पूरे ग्राउंड भी नही है। जहां पर स्कूल बने हुए है। वे बहुत कम जगह मे बने हुए है। स्कूलों मे अधिक मैदान नही होते जहां पर बच्चे फिजिकल काम कर सके। सरकार को मेरा सुझाव है कि बच्चों को योगा की ि ाक्षा भी हर हालत मे दी जाये। हमारे यहां पर चीन के हयूनसांग और फाहियान आए थे। नालंदा युनिर्वसिटी मे काफी समय तक ठहरे थे। उस युनिवर्सिटी के अंदर विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अध्यपकों आदि को मिला कर कोई 17 हजार व्यक्ति रहते थे। उन्होंने लिखा है कि जितने समय तक हम उस युनिवर्सिटी मे ठहरे, उस समय मे सिर्फ एक

बावर्ची ही बीमार हुआ था । इसका कारण उन्होंने दिया है कि उस युनिवर्सिटी के अंदर प्रत्येक बच्चे को योगा अभ्यास प्रतिदिन करवाया जाता था । इसलिये सरकार को इस ओर पूरा पूरा ध्यान देना चाहिए। इसी प्रकार से म्यूजिक के बारे मे भी मैं कहना चाहता हूं कि बच्चों को म्यूजिक की ि ाक्षा भी बराबर देना चाहिए। म्यूजिक इन्स्टरूमैंटस हमारे स्कूलों मे है लेकिन उन्हें इस्तेमाल नही किया जाता। इस संबंध मे मैंने पहले भी एक भोर सुनाया था कि–

मैहतरानी होके रानी गुण गुणायेगी जरूर,

कुछ भी हो जाये जवानो गुणगुणायेगी जरूर।

गाने की ि ाखा भी बच्चों को जरूर दी जानी चाहिए। आजकल की जो किताबें है वे ठीक नही है, उनमे जहर भरा पड़ा है। इसलिये इन किताबों को भी ठीक किया जाना चाहिए। चेयरमैन साहब, इसी प्रकार से मैं हौर्टिकल्चर के बारे मे कहना चाहता हूं कि इस तरफ सरकार खास तौर पर ध्यान देना चाहिए। इस संबंध मे मेरा यह भी सुझाव है कि यदि मैंट्रिक तक का स्कूल है तो उसके पास 10 एकड़ जमीन होनी चाहिए, यदि कोई स्कूल आठवीं क्लास तक का स्कूल है तो उसके पास 8 एकड़ जमीन होनी चाहिए और यदि कोई स्कूल पांचवी तक है तो उस के पास 5 एकड़ जमीन होनी चाहिए। हौटिकल्चर के संबंध मे मै। यह कहना चाहता था कि गार्डन आदि की ि ाक्षा बच्चों को एनीमल

हस्बैण्डरी के बारे मे और एग्रीकल्चर के बारे मे भी ि ाक्षा दी जानी चाहिए। 1983–84 के बजट के अंदर सरकार ने निर्णय लिया है कि हम 200 प्राईमरी स्कूल लड़कियों के खोल रहे है। यह फैसला सरकार का बहुत ही अच्छा है। सरकार ने इसके लिये भी एक करोड़ रूपये रखे है। इसी प्रकार से मैं ट्रांसपोर्ट के बारे मे कहना चाहूंगा। सरकार अब नए अड्डे भी बनाने जा रही है। बस स्टैण्डज के लिये जब जगह एक्वायर की जाती है तो वहां पर पक्की सड़के भी बनायी जाती है। मेरा सुझाव है कि पक्की सड़कें अनाने से पहले सरकार को जमीन एक्वायर करते वक्त छायादार वृक्ष लगादेने चाहिए जिससे लोगो को वहां पर खड़े होने मे सुविधा हो सके। आप उदाहरण के तौर पर पिपली के अड्डे को ले लीजिये।वहां पर अड्डे के अंदरबसें काफी खड़ी होती है लेकिन लोगों को बैठने के लिये न तो कोई भोड बने हुए है और न ही कोई छायादार पेड़ है। हमारे यहां बरोजगारी की भी समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस संबंध मे मै। सरकारको गुजारि ा करूंगा कि जो हमारी बसें है उनमे उस समय एक एक कंडक्टर है। यदि इन बसों मे एक एक कंडक्टर लगाने की बजाये दो दो कंडक्टर लग दिये जाये तो उससे भी बेरोजगारी काफी कम हो जायेगा। सरकार पर एक बस पर दो कंडक्टर लगाने से कोई ज्यादा बोझ नही आयेगा। यदिदो कंडक्टर होंगे तो एक अगली खिड़की से टिकट काटेगा और दूसरा पिछली खिड़की से टिकटें काटेगा। यदि ऐसा हो जाता है तो इससे काफी लोगों को रोजगार मिलेगा। हमारी बसों ने एि ायाड के दौरान बड़ा ही

सराहनीय काम किया है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट ने स्टेट एक्सचैकर मे 32 करोड़ रूपये जमा करवाये है । (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।) स्पीकर साहब, सरकार ने इंटेग्रेटिड चाईल्ड डिवैल्पमैंट की स्कीम चलाई है। इस स्कीम के तहत बच्चों के स्वास्थ्य की तरफ ध्यान दिया जायेगा और उनका मैडीकल एग्जामिने ान समय समय पर किया जायेगा। स्पीकर साहब, पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट की तरफ से गांवों के अंदर जो पीने के पानी का इंतजाम किया गया है, वह पानी काफी बर्बाद हो जाता है। इस संबंध मे भी मेरा सरकार को सुझाव है कि यदि पानी बर्बाद होने से भी बच जायेगा। इसके साथ मेरा सुझाव यह भी है कि गांवों के अंदर औरतों को जंगल पानी जाने के लिये जगह नही है, सरकार को उनके लिये कुछ न कुछ इंतजाम करना चाहिए। हमारे हरियाणा के अंदर इण्डस्ट्रीज की भी काफी तरक्की हुई है। अर्बन डिवैल्पमैंट के संबंध मे मैं यह कहना चाहता हूं कि उस मे किसानों के लिये भी कालोनियां बनायी जानी चाहिए। चीफ मिनिस्टर साहब ने भी कहा है और सरदार हरपाल सिंह जी ने भी कहा है कि भविश्य मे किसानों की जो भी जमीन ली जायेगी, उसकी कीमत किसानो को मार्किट प्राईस की दी जायेगी। यह काम भी सरकार बहुत अच्छा करने जा रही है। जिन किसानों की जमीन ली जाती है। उनको प्लाटस भी दिये जाने चाहिए। भाहरों के अंदर जो किसान बैठे है, उनके घरों मे बडी भीड़ है। उनके पास मवे ाी है और काम आगे से आगे बढ़ाता जा रहा है। इनके लिये भी कालोनियां नो प्रोफिट नो लौस बेंसिज पर बनाई जानी

चाहिए। इस ढंग स मकान बनाने चाहिए जिससेये खुदआगे की तरफ रहे और मवे ाी पीछे की तरफ रखे जा सके। इनको भी प्लाट दिये जाये, दुकानें दी जाये क्योंकि अकेली खेती से आज काम नही चलता। अगर गवर्नमैंट मदद करे तो ये जमीदार दूसरे धंधे भी कर सकते है। अगर किसान की जमीन एक्वायर कर ली जाती है तो उसे मुआवजा पुरा नही मिलता। मेरे कहने का मतलब यह है कि उनको कुछ न कुछ रिलीफ दिया जाना चाहिए। (घंटी)

अब मैं रैवेन्यू के बारे थोड़ा सा अर्ज करना चाहता हूं। अगरहर जिले मे चार पांच पटवारखाने बना दिये जायें तो पटवारियों को का करने मे अच्छी सुविधा मिल जायेगी। जहां तक मैं जानता हूं, पटवारी की पोस्ट सैकड़ों सालो से चली आ रही है। उस वक्त न तो इतनी इंडस्ट्री थी, न इतने टैक्स थे, सारे दे ा का खर्चा लैंड रैवेन्यू से ही चलता था। इसलिये पटवारी के पटवारखाने के लिये जगह जरूर देनी चाहिए क्योंकि अगर किसी किसान ने फर्द लेनी होगी तो उसको जगह जगह जाना पड़ेगा। अगर पटवारी एक जगह बैठेगा तो किसान को परे ाानी कम हो जायेगी। (घंटी) इन भाब्दों के साथ मैं एप्रोप्रिए ान बिन नं0 1 और 2 का समर्थन करता हूं।

चौधरी हुकम सिंह फोगट (दादरी): स्पीकर साहब, वित्त मंत्री महोदय ने एप्रोप्रिए ान बिल नं0 1 विधान सभा मे पे ा किया है और सरकार इसको पास करवाना चाहती है, मैं इस बिल

का विरोध करता हूं। स्पीकर साहब, अगर यह पैसा स्टेट की डिवैल्पमैंट पर खर्च होता तो कोई बात बनती थी इस खर्चे को देखते हुए मैं यही कहूंगा कि आज जनता के पैसे को लूटाया जा रहा है। डिमांड नं0 2 मे जो लिखा है उसके मुताबिक राजभवन मे एक हाल बना रहे है और फौरन से एक कार खरीदी जा रही है। इतना बड़ा महल बनाने की क्या आव यकता थी? जनता के पैसे को इस तरह से बरबाद करने की क्या आव यकता है। इन्होंने मंत्रिपरिशद को बड़ा लम्बा चौड़ा बना दिया है। * *

* * * * * * * * * *

अगर ये मंत्री न बनते तो कोई बात बन नही सकती थी ओर अब इनकी कारे खरीदने के लिये यह पैसा खर्चा जा रहा है। इनकी कोठियों की सजावट के लिये जनता के पैसे को बूरी तरह से बहाया गया है। इसके दूसरी तरफ वाटर वर्क्स बन रहा है लेकिन वहां से वाटर पाईप्स का एक ट्रक कोई आदमी ले गया है। इस वाटर वर्क्स का सीमेंट खुलेआम बिक रहा है। यह वाटर वर्क्स पिछले 10 साल से बन रहा है लेकिन आज तक इसका काम पूरा नही हुआ है। कई गांवों मे खारा पानी है और लोग दो दो, तीन तीन मील चलकर अनी प्सास बुझाने के लिये जाते है। इसी तरह से एक वाटर वर्क्स इमलौट मे पिछले पांच साल से बन रहा है लेकिन अभी तक पूरा नही हो पाया है। स्पीकर साहब, भ्रश्टाचार की भी कोई हद होती है। आज खुलेआम सीमेंट बिक रहा है, नहर की लाइनिंग मे जो सीमेंट लगाना था वह चोर बाजारी मे बिक रहा है। लोहा और सीमेंट खुलेआम बिक रहा है। स्पीकर

साहब, एम0आई0टी0सी0 द्वारा मोघ डिस्ट्रीब्यूटरी पर लोहाखेड़ा मे चार पांच साल पहले खालें पक्की की गई थी लेकिन इस खालों मे चेपियां पड़ गई थी लेकिन इन खालों मे चेपियां पड़ गई है और पानी नही चलता। इससे तो कच्चे खाल ही अच्छे थे क्योंकि किसान बेचारे कच्चे खालों से अपनी जमीन को पानी तो लगा लिया करते थे। इन्होंने खाल पक्के तो कर दिये लेकिन सीमेंट का प्रयोग बिल्कुल नही किया, सिर्फ बजरी ही बजरी चेप दी है। इन चेपियों को ठीक करवाने के लिये किसान भागता फिरता है। ये खाले एम0आई0टी0सी0 ने बनाई है और पिछले पांच सालों से ही खालों मे पानी न चलने के कारण किसान परे ाान है। जब खालो का पानी सुखता है तो चेपियां फट जाती है। स्पीकर साहब, सरकार इंडस्ट्रीज की बात करती है तो इंडस्ट्रीज लगाने के लिये सरकार ने बहुत पैसा रखा है। इंडस्ट्रीज के बारे मे जब विधान सभीा मे हम कोई सुझाव देते है तो सरकार मानने के लिये तैयार नही होती। सरकार कहती है कि देहातों मे इंडस्ट्रीज लगाई जायें लेकिन अब्बल तो कर्जा मिलता ही नही, अगर मिले तो एक एक साल तक बैकों के चक्कर लगाने पड़ते है। बहुत से लोग कर्जा लेने केक लिये पांच पांच सौ रूपया खर्च कर के चुपचाप बैठे जाते है, कर्जा नही मिलता। अगर कोई आदमी कोि ा ा करके छोटी माटी इंडस्ट्री लगा लेता है तो सरकार की तरफ से उसको मदद नही मिलती। जो माल वह बनाता है, सरकार के पास कोई प्रबंध नही है। कि उस माल को बिकवाये। रूरल इंडस्ट्रीज मे जासे माल तेयार होता है सरकार को उस माल को बेचने मे इंडस्ट्रियलिस्ट

की मदद करनी चाहिए । यह तो जनता के साथ एक किस्म का धोखा है। कर्जा तो बेचारा बैंक से किसी तरह से ले लेता है लेकिन रा मैटीरियल उसको मिलता ही नही और यह जिम्मेदारी सरकार की है जो थोड़ा बहुत माल वह बनाता है, वह बिकता ही नही, परिणामस्वरूप आखिर मे वह इंडस्ट्री फेल हो जाती है। अगर सरकार इस समस्या का समाधान नही करेगी तो सारी की सारी रूरल इंडस्ट्री फेल हो जायेगी। नौकरियां तो लोगो को मिलती ही नही, जो मिलती है वह पैसों से बिकती है। अगर किसी गरीब आदमी के पास नौकरी खरीदने के लिये पैसा न हो तो वह इंडस्ट्री की तरफ भागता है और इंडस्ट्री का हाल तो आपने देख ही लिया है। आज गरीब इतनातंग है कि वह अपने दिन भूखा रह कर काट रहा है। स्पीकर साहब, चौधरी ई वर सिंह ने बताया कि किसानों को खाद के लिये 11 करोड़ रूपये की सैंट्रल एड आती है और यह एड सबसिडी के रूप मे दी जाती है। स्पीकर साहब, किसान को खाद पर सबसिडी उस वक्त देनी चाहिये जब किसान खेत मे बीजाई करता हूं क्योंकि बीजाई से पहले किसान खेत मे खाद डालता है या पहला पानी जब गेहूं के लिये लगता है, उस वक्त डालता है। इसलिये फरवरी ओर मार्च मे अगर किसान को खाद पर सबसिडी दी जाये तो किसान उसको ठीक तरह से इस्तेमाल नही कर सकता, वैसे ही इधर उधर खुर्दबुर्द हो जाता है। फरवरी और मार्च मे खाद डालने का कोई मतलब नही होता। जो रूपया खाद के लिये आया भी है, वह हेराफेरी करके खुर्दबुर्द कर दिया गया। झूठे परमिट काट कर उस पेसा के खुर्दबुर्द कर

दिया और किसान को इसका कोई लाभ नही हुआ। किसान के नाम पर एक ऐंट्रल एड आती है लेकिन इसको दूसरे ही लोग हाजम कर जाते है। सरकार किसान की हमदर्द बनती है और कहती है कि 11 करोड़ रूपये की एड दी है। मैं पूछना चाहता हूं यह क्या खाक एड दी है। इसी तरह से बिजली बार्ड की बुरी हालत है। आज बिजली बोर्ड दीवालिया बन कर रह गया है। बड़ी बड़ी फैक्ट्रियों मे बड़ी लार्ज स्केल पर बिजली की चोरी हो रही है। अगर कोई साधारण आदमी या किसान बिजली का बिल एक दो महीने न दे तो बिजली बोर्ड वाले उसका कनैक्शन काट देते है। इसके दूसरी तरफ मेरे एक क्वैश्चन के जबाव मे सरकार ने बताया है कि पचास पचास लाख, एक एक करोड़ रूपया एक एक इंडस्ट्रियलिस्ट की तरफ बकाया पड़ा है लेकिन इनके कनैक्शन नही काटे जाते। अगर इनके कनैक्शन काटने तो एक एक करोड़ रूपया इनकी तरफ बकाया न होता। किसान अगर एक महीने तक टयूबवैल की बिजली का बिल न भरे तो उसका कनैक्शन काट दिया जाता है। स्पीकर साहब, बिजली बोर्ड की यूनियन की तरफ से एक चार्ट पेश किया गया है। जिस मे बताया गया है कि बिजली बोर्ड मे कितना भ्रश्टाचार है,किस तरह से पैसे को खुर्दबुर्द किया जा रहा है, लेकिन फिर भी जांच नही करवाई जा रही । अगर जांच करवाते तो महत्वपूर्ण नतीजे सामने आ सकते थे। स्पीकर साहब, जांच तो क्या होनी थी, बोर्ड मे भ्रश्टाचार आज चरम सीमा तक पहूंच गया है। बगैर पैसे के कोई काम नही होता। किसी भी डिपार्टमैंट मे लचे जाये, पटवारी के

पास चले जाये, पुलिस मे चले जाये, इतना भ्रश्टाचारहै कि बिना पैसे से कोई आदमी दफतर मे घुसने नही देता। लोग कहते है–

भजन लाल का राज है, लूटा जा तू लूट,

पाछे फिर पछतायेगा, जब भजन जायेगा टूट। (हंसी)

हर आदमी सोचता है, तू लूट ले और खुलेआम लोगों को लूटा जा रहा है । (घंटी) नहर का, बिजनी का, किसी भी डिपार्टमैंट को देख ले, सब का बूराहाल है। स्पीकर साहब, हरियाणा कृशि प्रधान प्रदे ा है। लोहारू कैनाल मे केवल एक बार पानी देते है जबकि उस एरिया मे कहरा पड़ा हुआ है गेहूं मे कम से कम पांच पानी की आव यकता होती है। एक पानी दे कर आबियाना उतना ही वसूल कर लेते है। एक पानी से किसान की तो कमर टूट जाती है, लगान तो उसे देना ही पड़ता है लेकिन नहर मे दोबारा पानी नही आता। सरकार ने रेतीले इलाकों मे छोटे छोटे मोघे लगा दिये है जिनसे पूरी सिंचाई भी नही हो सकती। नहर विभाग तो इसी हेरा फेरी मेलगा रहता है कि कहीं पर मौघे छोटे कर दिये और कहीं पर बड़े कर दिये। भिवानी जिला कहत की लपेट मे आया हुआ है। डिपार्टमैंट वाले पानी की चोरी खुद करवाते है। दादरी हल्के मे पांच छः टेल्ज है, वहां कहीं पर भी पानी नही पहुंचता है। किसानों की कुछ मदद हो जाती, अगर ये पानी वहां तक पहुंचा देते लेकिन यह सरकारन उन्हें पानी दे रही है और नही सस्ती बिजली दे रही है। किसानों की किसी

प्रकार की भी सहायता नही कर रही है। किसानों की पैदावार की भी पूरी कीमत सरकार नही दे रही है। स्पीकर साहब, आप भी किसान है और इस बात को जानते है कि गेहूं कीमत का आज तक एग्रीकलचर प्राइस कमी ान ने एलान नही किया जबकि गेहूं मार्किट मे आने वाला है। सरकार ने खाद, बिजली और खेतों मे इस्तेमाल होने वाली दवाईयों की कीमते तो बढ़ा दी लेकिन गेहूं की कीमत आज तक नही बढ़ पायी है। इस सब चीजों की कीमतें बढ़ने के बाद भी किसान को अपने गेहूं की कीमत सही नही मिल पाती है। मंडी मे गेंहू जाता है तो वहां पर सरकार का इंस्पैक्टर लूटता है। किसान के गेहूं की कीमत सरकार मुकर्रर करती है लेकिन इंस्पैक्टर मंडी मे आधी ढेरियों को रिजैक्ट कर देता है कि ये खरीदने के काबिल नही है। इन्सपैक्टर से मंडी के व्यापारी मिल लेते है। वे इंस्पैक्टर की मिली भगत से उस गेहूं को खरीद लेते है और बाद मे फूड कार्पोरे ान को बेच देते है। इसलिये मैं इस एप्रोप्रिए ान बिल का विरोध करता हूं। यह पास नही किया जाना चाहिए।

श्री अध्यक्षः वित्त मंत्री।

श्रीमती चंद्रावतीः स्पीकर साहब, एप्रोप्रिए ान बिलपर तो ओर भी मैंबर बोलना चाह रहे है। इसके बार तो और कोई टाईम नही रहेगा कि हम किसी बात पर बोल सके।

श्री अध्यक्षः अब मैंने वित्त मंत्री को काल अपोन कर लिया है इसलिये आप नैक्सट बिल पर बोल लेना।

श्रीमती चंद्रावतीः सर, आप वित्त मंत्री को हुक्म दे कि दस मिनट के लिये बैठ जायें क्योंकि एप्रोप्रिए ान बिल पर तो बोलना बड़ा जरूरी है। जहां तक नैक्टस बिल का संबंध है उस पर तो कुछ नही कह सकते। अगर आप इजाजत दो तो अभी बोल लेती हूं। अपोजी ान को टाईम मिलना चाहिए केवल एक या डेढ़ घंटे का समय मिला है। अगर आपकी मर्जी हो तो समय और बढ़ा दे।

श्री राम विलास भार्माः स्पीकर साहब, अगरआपकी अनुममि हो तो मुझे भी केवल पांच मिनट दे दे क्योंकि करोड़ों रूपये का एप्रोप्रिए ान बिल पास करवाने जा रहे है। मैं इस बारे मे बड़ी जरूरी बात कहने जा रहा हूं। आपको नये सदस्यों को भी टाईम देना चाहिए ताकि हम भी अपने विचार सदन मे प्रकट कर सके।

श्री अध्यक्षः अब समय नही दिया जा सकता क्योंकि अभी दो बिल और भी है। इसलिये आप उन पर बोल लेना।

वित्त मंत्री (चौधरी कटार सिंह छोकर): स्पीकर साहब, एप्रोप्रिए ान बिल नम्बर एक और दो सप्लीमेंटरी एस्टीमेटस सन् 1982–83 तथा वर्श 1983–84 से संबंधित है, के बारे मे सदन मे बहुत से साथियों ने अपने विचार रखे। हाउस के अपोजी ान

के साथियों को पहले मौका नही मिला था क्योंकि वे उस दिन वाक आउट कर गये थे इसलिये उन्होंने आज बहुत सी बातें कही है। कुछ साथियों ने अपने क्षेत्र के बारे मे कहा है जो जवाब देने योग्य भी है। मैं एक बात सदन के नोटिस मे लाऊं केवल रिवाइजड एसटीमेटस 81 करोड़े 92 लाख रूपये के रखे गये है जिनमे से 41 करोड़ 79 लाख रूपया ऐसा होगा जो वास्तविक रूप से खर्च होगा। 40 करोड़ 23 लाख रूपया ऐसा है जो हमें बाहर से सहायता के रूप मे मिल जायेगा या काउंटर एंट्री होनी है, उनसे पूरा हो जायेा। खाते मे एंटरी होगी, जितना आया होगा उतना व्यय हो जायेगा, वह खाता ठीक रखने के लिये है। इसमे से ज्यादातर पैसा डिवैल्पमैंट के कामो पर खर्च हुआ है। जैसा सूखा पड़ गया था लोगो को राहत देने पर खर्च हुआ। डिवैल्पमैंट पर 7 करोड़ 36 लाख हैल्थ पर 5 करोड़ 26 लाख, सो ाल वैल्फेयर पर, 5 करोड़ 70 लाख, इंडस्ट्री पर एक करोड़ 79 लाख और एग्रीकलचर पर 7 करोड़ 90 लाख रूपया खर्च हुआ है। वही सारे का सारा डिवैल्पमैंट के काम पर खर्च हुआ है, जिनके बारे मे उस वक्त यानी बजट के टाईम पर अनुमान नही लगा सके थे। साल के दौरान इस पैसे को खर्च करना जरूरी समझा गया था क्योंकि प्रदे ा के लिये वकास के जरूरी काम करने थे, इसलिये इस बारे मे साथियों को आपत्ति नही होनी चाहिए। इसे पास करना चाहिए। डाक्टर मंगल सैन जीने और एक साथी ने कहा कि मिनिस्टरों के घरों और दफतरों की फरनि िंग का खर्चा बढ़ गया है। यह बात उनकी किसी हद तक ठीक है लेकिन यह बात

भी सही है कि उस खर्चे की केवल लिमिट बढ़ायी गई है, यह लिमिट बहुत पहले की रखी हुई थी। आज के दिन चीजों के दाम ज्यादा हो गये है, मकानों के किराये भी पहले की रखी हुई थी। कुर्सी और दूसरे फर्नीचर की कीमतें भी बढ़ गई है। ये चीजें आज सेपांच दस साल पहले के भाव पर नही मिलेगी। अगर इस मार्किट से कोई भी चीज आज के दिन खरीदेंगे तो ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। लेकिन मैं हाउस को यह वि वास दिलाता हूं कि कोई लग्जरी का आइटम नही बढ़ाया है केवल पैसे की लिमिट बढ़ायी है, वह भी इसलिये बढ़ायी है कि कीमतों मे वृद्धि हो चुकी है।

स्पीकर साहब, कारों के बारे मे भी बात कही गई। जहां कार की जरूरत होती है वहीं के लिये कार ली जाती है। कारों पर नियम के हिसाब से सरकार ने रोक लगा रखी है ताकि कार का कोई गलत इस्तेमाल न करे। जहां तक मुझे याद है पिछले साल मे तीन चार कारें खरीदी है वरना हम पुरानी कार की रिपेयर करा कर ही कहते हे कि इसे ही आप चलाये। कई बार रिपयेर मे भी बहुत ज्यादा खर्च हो जाता है। ज्यादा पैसा फिजुल मे खर्च नही किया है। बोर्ड और कार्पोरे ांज का भी सदन मे ख्चर्चा हुआ । इस बारे मे कोआप्रे ान मिनिस्टर साहब जवाब दे चुके है। उन्होंने बताया था कि कई कार्पोरे ांज और बोर्ड घाटे मे है लेकिन उसके बावजूद भी उन्हे कर्मचारियों को तन्खाह और डी0ए0 तो देना ही पड़ता है । यहां कहा गया कि वहां चोरी बढ़ गई है। अगर वहां बिजनैस की एक्टीविटीज हो तो यह खर्च और आमदनी

मे इतना ज्यादा अंतर न रहे। वहां की एक्टीविटिज भी घाटे की है। जैसे एग्रो इंडस्ट्रीज ने ट्रैक्टर्ज खरीदे थे। जब तक वे नये रहे तो मुनाफे मे चलते रहे लेकिन जब वे कंडम हो गये है। उनके ड्राइवरर्ज तो यों के यों रखे हुए उनस दूसरा काम लेना पड़ता है। ऐसे काम सरकार ने भुरू किये हुए है जिसमे घाटे और मुनाफे की ज्यादा की बात नही है, इसलिये गरीब और किसान वर्ग को उठाने के लिये एसेा करना जरूरी है। यहां सदन के कुछ सदस्यों ने कहा कि अगर ये सारे बोर्ड और कारपोरे ांज अमीर आदमियों को बेच दी जायें या उनके हवाले कर दी जाये, फिर देख लेंगे। लेकिन मेरा कहना यह है कि इन फैक्ट्रियों का या कंसंर्ज का अमीरों को बेचना, कोई अच्छी बात नही है और यह प्रदे ा के हित मे भी नही होगा। जो बातें यहां पर हो चुकी है, मैं उनको दोहराना नही चाहता। पुलिस के खर्च बढ़े है। अक्ष्यक्ष महोदय, इस बारे मे भी बहुत बाते ंयहां पर हो चुकी है। सवालों के जवाब मे आ चुका है कि पुलिस के खर्चे निसंदेह बढ़े है और उसके केई कारण है। कुछ तो सिपाहियों ने और दूसरे रैंक्स ने थौड़ी सी इनडिस्पिलिन की बात कर दी । इसके अलावा एि ायाड के इंतजाम बगैरह की वजह से कुछ ला एड आर्डर की बात भी खास रही । ला एंड आर्डर कोमेनटेन करने के लिये और सिक्योरिटी रिजन की वजह से कुछ खर्चे बढ़े है। हमने इस बात की पूरी कोि ा ा की है कि यह खर्चे महसूद रहे और जरूरत के मुताबिक हो और जरूरत से ज्यादा पैसा खर्च न हो। मुझें आ ाा है कि कुल मिला कर सारा सदन मेरी इस बाम से मुतलिफ होगा

कि अगर पुलिस के खर्चे बढ़े है तो हमारे यहां ला एण्ड आर्डर की हालत मे सारे दे ा मे सबसे अच्छी रही है। वह कोई बात नही होती कि अरग किसी एक आदमी की जान का नुकसान हो जाये और हम मुंह दुखते रह जायें किसी की जान का नुकसान न हो, इस बात की जिम्मेवारी सरकार की है। ऐसे तो बात नही बनती कि पहले किसी की जान का नुक्सान होजाये फिर जवाबतलबी होती फिरे। सरकार ने ला एंड आर्डर ठीक रखने के लिये और अमन को कायम रखने के लिये जो पुलिस के कुछ खर्चे किये है, यह प्रदे ा के और दे ा के हित के लिये किये है। एक्साईज डिपार्टमैंट के लिये रिवाईज्ड एस्टीमेटस मे कुछ खर्चा मांगा गया है। चौकिया बढ़ायी गयी है, कुछ स्टाफ बढ़ाया गया है, चौकसी/रेड्स करने के लिये और टैक्स की इवजन को रोकने के लिये हमने स्टाफ बढ़ाया है। इससे हमारी पहले के मुकाबिले आमदनी भी बढ़ी है और इवेजन पहले से कम हुआ है। डाक्टर साहब ने कालेजों को दी जाने वाली ग्रांट की तो सराहना की लेकिन प्राईवेट स्कूलों के बारे मे एक बात कही। उन्होंने यह कहा कि उनकी भी कुछ मांगे है, उनको मान लेना चाहिए। डाक्टर साहब को मैं यह बताना चाहता हूं कि यह सरकार प्राइवेट स्कूलों की तरफ कोई कड़ी निगाह नही रखती। इन प्राइवेट स्कूलों को भी हरियाणा सरकार की ओर से उनके घाटे का 75 प्रति ात अनुदान या ग्रांट के रूप मे दिया जाता है। ऐसा पिछले दो तीन सालों से हो रहा है। पिछले साल 2 करोड़ 35 लाख रूपया इन प्राइवेट स्कूलों को घाटे की वजह से दिया गया था जो अब इस

साल बढ़ कर 3 करोड़ 35 लाख हो जायेगा। जहां तक इन प्राइवेट स्कूलों के सारे घाटे/खर्चे का संबंध है, वह तो भाायद सरकार बर्दा त नही कर पायेगी। इस बात को हमारे आनरेबल मैंबर्ज भी महसूस करेंगी कि हम इनके साथ कोई ज्यादती नही कर रहे है। ऐसी कोई बात नही है कि हम जान बूझ करइनको नही देना चाहते आपके पता ही है कि जैसे जेसे स्टेट के फाइर्नसिज एलाउ करते है, उसी हिसाब से यूनिवसिर्टी रोहतक को 8 लाख रूपया देने के बारे मे कही। अगर तो यह पैसा कहीं मिसयूज हुआ है, फिर तो अलग बात है। मैं उनकी जानकारी के लिये यह बताना चाहूंगा कि यह पैसा सिर्फ एम्पलाईज के एडी ानल डी0ए0 का है और कुछ जो 1979 मे एम्पलाईज की तनख्वाहें इंक्रीज हुई थी, उसकी वजह से प्रोवीडैंट फंड जो उनका बढ़ा है, उसका खर्चा है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैंने तो इनसे यह अ योरैंस मांगा था कि दुलत कमी ान ने रिपोर्ट मे वहां के वाइस चांसलर के बो मे कमैंटस दिये है, उनके बारे मे आप एक ान कर तक ले लेंगे?

चौधरी कटार सिंह छोकरः सदन मे यह बात पहले भी हो चखुकी है। चीफ मिनिस्टर साहब ने इसका जवाब दे दिया है कि वह रिपोर्ट प्रोसैस हो रही है। उस रिपोर्ट को अभी सरकार देख रही है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जिन बातों का जवाब आ चुका है, उन बातों को दोहराने की जरूरत नही है। एक बात यहां

पर स्पोर्टस के बारे मे कही गयी। एि ायाड मे हरियाणा के खिलाड़ियों ने पुरस्कार प्राप्त किये, इसकी तो तारीफ की गयी। और कुल मिला कर सारे खिलाड़ियों के मुकाबिले मे यह भी कहा गया कि हमारा बहुत ही अच्छा योगदान था। एक बात डाक्टर साहब ने कही, भाायद मैं उसको गलत समझ सका हूं और या डाक्टर साहब उसको ठीक तौर पर समझा नही सके। उन्होंने यह कहा कि अर्बन डिवैल्पमैंट के लिये कम खर्च रखा गया है। यह अनुपात के हिसाब से होना चाहिए था। भाायद उनका मतलब रिवाईज्ड एस्टीमेटस मे दिये गये खर्चो केबारे मे था। मैं उनको यह बताना चाहूंगा कि ये रिवाईज्ड एस्टलमेटस या किसी सारे साल के एस्टीमेटस किसी अनुपात से नही बनाये जाते। (व्यवधान व भाोर).....

श्री मंगल सैनः मैंने आपको यह सुजैस्ट किया था कि आबादी के हिसाब से आपको अर्बन एरियाज और रूरल एरियाज मे खर्च करना चाहिए।

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, हम रूरल एरियाज की डिवैल्पमैंट और अर्बन एरियाज की डिवैल्पमैंट का पूरे तौर पर, और बराबर ख्याल रखते है। एक बात डाक्टर साहब ने कह दी कि स्टेट लैवल पर कोई ग्रिवैसिज कमेटी बना दी है। मैं उनको यह बताना चाहता हूं कि स्टेट ग्रिवैन्सिज कमेटी कोई नही है। केवल डिस्ट्रिक्ट ग्रिवैंसिज कमेटीज है। मैं यह समझता हूं कि डिस्ट्रिक्ट ग्रिवैसिज कमेटीज बहुत अच्छा

काम कर रही है। हर आदमी की ि ाकायत के बारे मते , जब तक उसको सामने न सुना जाये तब तक कोई समाधान नही हो सकता। इसलिये जब तक उसकी ि ाकायत दूर नही हो जाती, उसकी ि ाकायत की सुनवाई को हर महीने चालू रखा जाता है। मैं यह समझता हूं कि इस कमेटी के लोगों के कश्ट निवारण के लिये बहुत अच्छा काम किया है। एक बात उन्होंने रायट रिलिफ के बारे मे कह दी कि साहब यह एक लाख रूपया फिलीस्तीनियों को क्यों दे दिया गया है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मेरे लायक दोस्त ने सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस की डिमांडज मे पेज 51 पर यह लिखा है। कि स्टेट लैवल पर कोई कमेटी बनी हुई है, उसके लिये 29400 रूपया इनको दिया जाये। मैंने बहिन भाकुंतला जी को यह कहा था कि आप तो खुद हरिजन है और आप उनके दुःख को बेहतर समझती है। सरकार यह कहती भी है कि हम हरिजनों का खास तौर पर ख्याल रखते है। अगर ऐसी बात तो फिर स्टेट लैवल पर कमेटी बनाने की क्या जरूरत है।

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, स्टेट लैवल की जैसे मैनें पहले कहा, कोई कमेटी नही है, (व्यवधान व भाोर) स्पीकर साहब, अगर यह बहुत ज्यादा जिद्द करते है तो मैं इनको देख कर बता दूंगा। वैसे स्टेट लैवल पर कोई ग्रिवैन्सिज कमेटी नही है। डिस्ट्रिक्ट ग्रिवैंसिज कमेटी जरूर बनी हुई है। (व्यवधान व भाोर) यह मेरे से बाद मे मिल ले, मैं इनको पोजी ान बता दूंगा।

Shri Mangal Sien: On a point of order, Sir. I am onpage 51 of Supplementary Estimates (Second Instalment) 1982-83. wherein it is written:-

"In order to devote special attention to the cases of victimisation and discrimination in respect of the members of the Scheduled Casts and blckward Classes, a State Level Grievances Committee has been set up by the State Government."

Chaudhri Katar Singh Chhokar: That is for the members of the Scheduled Castes. सपीकर साहब, इन्होंने तारे अपनी बात का खुद ही जवाब दे दिया है कि हरिजनों के लिये है। यह कोई जनरल कमेटी नही है। (व्यवधान व भाोर) आपने खुद तो बता दिया है कि हरिजनों के लिये यह कमेटी है। जनरल ग्रिवैंसिज कमेटी कोई भी स्टेट लैवल पर नही है।

श्री फतेह चंद विजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मैं वित्त मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि यह जो बैग्यिर्ज पर 24 घंटे मे तीन ि ाफ्टों मे 20—25 हजार रूपया रोज का रि वत का लिया जा रहा है। इसको रोकने का कोई इंतजाम किया जा रहा है या नही या केवल जनता के ऊपर टैक्स ही बढ़ा रहे हो?

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, जहां तक फिलीस्तीनियों को एक लाख रूपये देने की बात है, वह एक लाख रूपये का खर्च तो हमने इस साल के बजट मे दौरान रखा

हुआ था लेकिन हमें दो लाख रूपये के कम्बल फिलीस्तीनियों के लिये देने पड़े, इसलिये यह एक लाख लाख रूपया मांगा गया है

श्री मंगल सैनः क्या आपका असम वालों के लिये भी कोई प्रोग्राम है।

चौधरी कटार सिंह छोकरः जब उनके लिये प्रोवीजन आयेगा तो आप आपति कर लेना। (व्यवधान व भाोर)

श्री मंगल सैनः साहब, इसमे तो कोई आपत्ति वाली बात ही नही है। जब फिलीस्तीनियों के लिये आप यह कर रहे हो तो आसामियों के लिये क्यों नह कर रहे हो?

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, दुनिया मे आपसी इतना रि ता है कि अगर दुनिया के किसी हिस्से मे भी कोई परे ाानी आती है तो उसमे छोटी मोटी राहत हर जगह से आती है। डा0 साहब, थोड़ा सा उदार होना चाहिए।

श्री मंगल सैनः आसाम वालों के लिये भी आप कुछ उदर हो जाओ।

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, यह पिदले साल की बात है। जब यह पैसा दिया गया था।

श्रीमती चन्द्रावतीः अध्यक्ष महोदय, सैंट्रल गवर्नमैंट विदे ाों मे सहायता के रूप मे पैसा दे तो बात मानी जा सकती

है लेकिन स्टेट गवर्नमैंट विदे ाों के लिये पैसा बजट मे रखे यह तो अनप्रैसिडैंटिड बात है।

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, अगर एक दो लाख रूपया आसाम वालों के लिये भी रख देते तो उससे उनका क्या होने वाला था। सैंट्रल गवर्नमैंट ने चालीस करोड़ रूपया उनको दिया है। एक दो लाख से क्या फर्क पड़ने वाला है। स्पीकर साहब, चौधरी किसताब सिंह ने कहा कि एग्रीकल्चर के लिये बहुत थोड़ा पैसा रखा गया है। मैं आपकी मारफत सदन को बताना चाहता हूं कि इस आने वाले साल मे 43 करोड़ 80 लाख रूपये से ज्यादा एग्रीकल्चर के लिये रखा है और जो चालू साल खत्म हो रहा है उसमे भी तकरीबन इतना ही रूपया रखा गया था। आप अंदाजा लगा सकते है कि यह रा ि ा कम नही है। स्पीकर साहब, उन्होंने कहा कि हैल स्टोर्म से किसानों की फसलों का 170 करोड़ रूपये का नुक्सान हुआ है और सिर्फ चौदह करोड़ रूपये की राहत किसानों को दी गई, वह नुक्सान हुआ और सिर्फ चौदह करोड़ रूपये की राहत किसानों को दी गई, वह नुक्सा के अनुपात मे काफी नही है। स्पीकर साहब, यह बात ठीक है कि आलों से या दूसरी कैलेमिटी से जो नुक्सान होता है सरकार उनको सैंट परसैंट पूरा नही कर सकती। मान लो किसी का मकान गिर गया और मकान गिरने से उनका दस लाख का नुक्सान हो गया तो सरकार उसको किसी भी तरह से पूरा नही कर सकती। सरकार तो टोकन रिलीफ दे सकती है। सदन के

सभी माननीय सदस्य जानते है कि इस सरकार ने 182–83 मे चौदह करोड़ से अधिक रूपया ओलो से खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जबकि आज तक जो भी सरकार आई उसने एक दो करोड़ रूपये से ज्यादा मुआवजा नही दिया। यह ठीक है कि किसान का नुक्सान हुआ है और अब का सरकार एक दो करोड़ की मदद दियाक रती थी परंतु इस सरकार ने चौदह करोड़ की सहायता दी है।

श्री किताब सिंहः स्पीकर साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। माननीय मंत्री जी ने माना है कि किसानों का 170 करोड़ रूपया का नुक्सान हुआ है और जैसा सरकार का फैसला है कि अगर 75 परसैंट से ज्यादा नुक्सान होगा तो चार सौ रूपया फी एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जायेगा तो उस हिसाब से तो मुआवजा दिया जाना चाहिए था।

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, पीछे जब भी राहत दी गई, वह तीन सौ रूपये फी एकड़ के हिसाब से दी जाती रही है। लेकिन हमने सौ स्पया अधिक दी है। मतलब यह है कि हमने चार सौ रूपया प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया है। स्पीकर साहब, उन्होंने यह भी कहा कि एग्रीकल्चर प्रोड्यूस के रेटस ज्यादा होने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान जो पैदा करता है उकसा रेट कम है और दूसरी चीजों के रेटस ज्यादा है। अगर किसान की चीज के रेट ज्यादा हो जाये तो अच्छी बात है लेकिन इसके लिये स्ट्रक्चर तैयार करना पड़ेगा। इसके लिये बहुत सी

तैयारी करनी पड़ती हैं यह मामला भारत सरकार से संबंधित है। यह जनरल इकौनोमिक पौलिसी की बात है। लेकिन मैं एक बात आपके माध्यम से सदन केनोटिस मे लाना चाहता हूं कि कांग्रेस गवर्नमैट के दौरान चाहे वह सैंटर मे है यह स्टेटस मे है। एग्रीकल्चरप्रोड्यूस की कीमत कौंसटैंटली रीजनेवली बढ़ाई गई है। स्पीकर साहब, आपको याद होगा कि जब जनता राज आया था और प्रका ा सिंह बादल एग्रीकल्चर मिनिस्टर सैंटर मे बने थे तो उन्होंने दावा किया था कि गेंहू की कीमत 125 रूपये प्रति क्विंटल कर दूंगा। उस वक्त 110 रूपये से केवल एक सौ साढ़े बारह रूपये कीमत ही वे कर पाये थे। केवल अढ़ाई रूपये की बढ़ौतरी ही वे कर पाये थे और उनको रिजाइनकरके वापस आना पड़ा था। कांग्रेस के टाईम मे कौंसैंटटलीदस, बारह रूपये कीमत बढ़ती रही है। पिछले साल 142 रूपये प्रति क्विंटल थी और सभी स्टेटस के चीफ मिनिस्टर यह कोि ा ा करते रहे कि कीमत बढ़ाई जाये।

श्री मंगल सैनः 1973 मे जब चौधरी बंसी लाल चीफ मिनिस्टर थे और भजन लाल एग्रीकल्चर मिनिस्टर थे उसवक्त हरियाणा मे 74 रूपये का भाव था। किसान संघर्श समिति के आंदोलन के कारण उस वक्त गेहूं का भाव 110 रूपये दिया गया था और यह कहते है कि कांग्रेस सरकार ही दाम बढ़ाती रही है।

चौधरी कटार सिंह छोकरः डा0 साहब, किसान का भला होना चाहिए। स्पीकर साहब, श्री किताब सिंह ने कहा

